संचिका संख्या–01 / स्था0 (अ0अ0)–04 / 2024 3919 / न0वि0 एवं आ0वि0

**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

प्रेषक,

**राजीव रंजन तिवारी,**
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

**निदेशक,**
सूचना एवं जन–संपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 06/4/26

**विषयः–** **नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत अधीक्षण अभियंता (असैनिक) के कुल 10 रिक्त पदों पर संविदा नियोजन हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत अधीक्षण अभियंता (असैनिक) के कुल 10 रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन किया जाना है।

2. उक्त के आलोक में विज्ञापन प्रारूप का सॉफ्ट कॉपी संलग्न करते हुए अनुरोध है कि इसे हिन्दी एवं अंग्रेजी के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के महत्वपूर्ण समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक–यथोक्त**

विश्वासभाजन,

03/04/2026

सरकार के उप सचिव।

# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग

**अल्पकालीन आवश्यक विज्ञप्ति................/2026**

**नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन, बुडको, पटना महानगर क्षेत्र प्राधिकार एवं बिहार राज्य आवास बोर्ड के अन्तर्गत अधीक्षण अभियंता (असैनिक) के रिक्त पदों के विरूद्ध नियमित सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता (असैनिक) का संविदा आधारित नियोजन की सूचना**

नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन, बुडको, पटना महानगर क्षेत्र प्राधिकार एवं बिहार राज्य आवास बोर्ड के अन्तर्गत अधीक्षण अभियंता (असैनिक) के 10 रिक्त पदों के विरूद्ध सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 के आलोक में नियमित सेवानिवृत अधीक्षण अभियंताओं के संविदा के आधार पर नियोजन हेतु विभागीय Email-recruitment.udhdbihar@gmail.com पर विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक–15.04.2026 के अपराह्न 05.:00 बजे तक विहित प्रपत्र में (अनुलग्नक सहित) ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र० सं० | पद का नाम | कोटिवार रिक्तियाँ | अर्हत्ता | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अधीक्षण अभियंता (असैनिक) | (i) अनुसूचित जाति– 2<br>(iii) अत्यंत पिछड़ा वर्ग– 2<br>(v) पिछड़े वर्गों की महिला– 01<br>(vi) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग– 1<br>(vii) गैर आरक्षित वर्ग– 4<br>**कुलः– 10** | बिहार सरकार के किसी भी विभाग से सेवानिवृत्त (Retired) अधीक्षण अभियंता (असैनिक) जिनकी अधिकतम आयु दिनांक–31.12.2026 को 62 वर्ष पूर्ण हो। | सेवानिवृत (Retired) अधीक्षण अभियंता (असैनिक) को मानदेय के रूप में उनका अंतिम प्राप्त वेतन में से पेंशन की राशि घटा कर शेष राशि देय होगा। |

नोटः– (i) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी के अभ्यर्थी प्राप्त नहीं होने के स्थिति में सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना सं0–2622 दिनांक–26.02.2019 के आलोक में अनारक्षित वर्ग के श्रेणी की अभ्यर्थी पर विचार किया जायेगा।

(ii) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के आलोक में अंध और निम्न दृष्टि दिव्यांगता को 01 पद अर्थात दिव्यांगत से ग्रस्त उम्मीदवारों को क्षैतिज आरक्षण के तहत देय होगा।

(iii) सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र संख्या–2526 दिनांक–18.02.16 के आलोक में राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतीनी को क्षैतिज आरक्षण के तहत 01 पद देय होगा।

2. उपरोक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु जिन अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक–15.04.2026 के अपराह्न 05:00 बजे से पूर्व आवेदन समर्पित किया जायेगा, उन सभी अभ्यर्थियों का दिनांक–17.04.2026 के पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यालय कक्ष में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जहाँ उनका व्यक्तिशः साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा।

3. **<u>नियोजन हेतु शर्तें निम्नवत् होंगी :–</u>**

3.1 दिनांक–31.12.2024 को अथवा उसके बाद सेवानिवृत अभियंता अर्थात दिनांक–31.12.2026 तक 62 वर्ष या उससे कम की आयु पूर्ण करने वाले सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता (असैनिक) ही आवेदन करने के पात्र होगें।

3.2 संविदा के आधार पर नियोजन प्रथमतः 2 (दो) वर्ष अथवा उक्त पद पर नियमित नियुक्ति होने तक, के लिए किया जायेगा। संतोषप्रद सेवा की स्थिति में अधिकतम 65 वर्ष की उम्र तक के लिए एक–एक वर्ष की सेवा अवधि का विस्तार किया जा सकता है।

3.3 नियमित रूप से अधीक्षण अभियंता (असैनिक) का पद धारण कर सेवानिवृत्त होनेवाले अभियंताओं तथा सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या–19300 दिनांक–13.10.2023 के आलोक में कार्यकारी प्रभार के रूप में पदधारण कर सेवानिवृत्त होने वाले अधीक्षण अभियंता (असैनिक) के आवेदन विचारणीय होगा।

3.4 आरक्षण कोटि के विरूद्ध आवेदन करने वाले को सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3.5 असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत अद्यतन स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3.6 वैसे अभ्यर्थी जिनपर कोई निगरानी का मामला/विभागीय कार्यवाही/गंभीर आरोप विचाराधीन/दण्ड अधिरोपित हो/आपराधिक मामला दर्ज हो, की सेवाएँ नहीं ली जाएँगी।

3.7 पी0पी0ओ0 की प्रति संलग्न करनी होगी। यदि पी0पी0ओ0 उपलब्ध नहीं हो तो प्रशासी विभाग द्वारा निर्गत पूर्ण पेंशन/उपादान संबंधी स्वीकृत्यादेश की प्रति अभ्यर्थी संलग्न कर सकते हैं।

4. विज्ञापन एवं शर्त्तों से संबंधित किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जा सकता है। साथ ही संविदा पर नियुक्ति की प्रक्रिया को किसी भी समय बिना कारण बताये रद्द किया जा सकता है।

5. विस्तृत जानकारी एवं आवेदन करने हेतु विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/urban पर उपलब्ध है।

R. K. T. 03/04/2026

**(राजीव रंजन तिवारी)**
सरकार के उप सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग।

Photograph

# Application Form
# Urban Development & Housing Department,
# Government of Bihar

**Application for Recruitment of Retired Cheif Engineer (Civil)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Advertisement No. | |
| 2. | Name of Applicant | |
| 3. | Father's Name | |
| 4. | Mother's Name | |
| 5. | Date of Birth | |
| 6. | Age as on (31-12-2026) | |
| 7. | Gender | |
| 8. | Category (SC/ ST/EBC/BC/EWS/GEN/WBC) | |
| 9. | Nationality | |
| 10. | Physically Handicapped (Y/N) | |
| 11. | Grand Children of Freedom Fighter | |
| 12. | E-mail ID | |
| 13. | Mobile No. | |
| 14. | Aadhar No | |
| 15. | P.P.O. No. | |
| 16. | Parent Department | |
| 17. | Date of Retirement | |
| 18. | Details of Disciplinary Proceedings, if any [yes/no] | |
| 19. | Criminal Proceedings, if any [yes/no] | |
| 20. | Permanent Address | |
| 21. | Home District Address For Correspondence | |
| 22. | Current Assignment, if any | |
| 23. | Award /Honours/ Achievements | |
| 24. | Name of Department/Office, from Where Candidate has retired | |
| 25. | Length of Service on the retired post | |
| 26. | Any other relevant Information | |

27. **Experience Details** :

| Sl No. | Organisation / Department | Post Held | Pay Scale | Duration | | Nature of Job | Year of Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | From | To | | |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* |
| (i) | | | | | | | |
| (ii) | | | | | | | |
| (iii) | | | | | | | |
| (iv) | | | | | | | |
| (v) | | | | | | | |

**28. List of Attached Documents** :

| Sl.No | Documents | Yes/No |
|---|---|---|
| (i) | **Caste Certificate issued by Competent Authority.** | |
| (ii) | **Health Certificate issued by Civil Surgeon.** | |
| (iii) | **Penison Payment Order.** | |
| (iv) | **Any Other Relevant Documents.** | |

I declare that all the above information is correct to the best of my knowledge and that I shall be liable for punishment if any information is found incorrect. I also declare that I have understood the guidelines for engagement and will fully abide by the same including any future guidelines issued by UD&HD, Government of Bihar in this regard. I categorically declare that there is no Pending Criminal case or serious complaint against me.

Place :

Date:

Signature of Applicant with Date